NHPC को SCOPE का प्रशस्ति प्रमाण पत्र

नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन (NHPC) लिमिटेड, एक मिनी रत्न श्रेणी-I सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (PSU) और **भारत की प्रमुख जलविद्युत कंपनी** ने सूचना का अधिकार (RTI) अधिनियम, 2005 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिये **सार्वजनिक उद्यमों के स्थायी सम्मेलन के 'प्रशंसा प्रमाणपत्र' (SCOPE's)** से सम्मानित होकर एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

- यह पुरस्कार **पारदर्शिता** के प्रति NHPC की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालता है।
- 1973 में स्थापित SCOPE **सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (PSE)** के लिये शीर्ष निकाय है, जो अपनी परिचालन क्षमताओं और दक्षताओं को बढ़ाने के लिये नीतियों तथा रणनीतियों को लागू करके अपने सदस्य **PSE** में प्रतिस्पर्द्धात्मकता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने का प्रयास करता है।
- SCOPE सार्वजनिक उद्यम विभाग, **वित्त मंत्रालय** और अन्य राष्ट्रीय निकायों से निकटता से जुड़ा हुआ है, सार्वजनिक क्षेत्र के मुद्दों को संबोधित करने के लिये केंद्रीय सूचना आयोग (Central Information Commission- CIC) तथा केंद्रीय सतर्कता आयोग (Central Vigilance Commission- CVC) जैसे वैधानिक निकायों के साथ इंटरफेस सुनिश्चित करता है।
    - अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर SCOPE अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (International Labour Organization- ILO) जैसे मंचों पर नियोक्ताओं के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करता है; संयुक्त राष्ट्र (United Nations- UN) तथा **आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (Organization for Economic Co-operation and Development- OECD)**।

और पढ़ें... सूचना का अधिकार (RTI) अधिनियम, 2005

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/scope-s-commendation-certificate-to-nhpc